# कार्यालय अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज
# जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक 9502/स्था/अराज/सुपरस्पे./2019 जबलपुर, दिनांक 02/12/2019

## //विज्ञप्ति सूचना //

1. मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक एफ–2–1/2019/55–2 भोपाल दिनांक 24.04.2019 द्वारा मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अंतर्गत सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अधीन निम्नलिखित रिक्त पदों की पूर्ति किया जाना हैं इस हेतु संस्था स्तर पर केवल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में विज्ञप्ति में दर्शाई गई शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने वाले पदस्थ कर्मचारियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में दिनांक 15/12/2019 सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं । उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर मध्यप्रदेश की बेवसाइट www.nscbmc.ac.in पर उपलब्ध है ।

| क्र. | पदनाम | आरक्षण तालिका | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | OBC | SC | ST | Total |
| 1 | फार्मासिस्ट ग्रेड–1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | लेखापाल | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | सहायक ग्रेड–1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | सहायक ग्रेड–2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |

नोट :– 1. सरल क्रमांक 1 से 4 तक के समस्त पदों में मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।

उपरोक्त पदों में SC – अनुसूचित जाति, ST – अनुसूचित जनजाति, OBC– अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार पद आरक्षित है ।

2. आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र.) की आवक–जावक शाखा में जमा कराए जा सकते हैं । किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा ।
3. आवेदन पत्र के साथ अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवार राशि रू. 500/– मात्र (पांच सौ रूपए) का डिमांड ड्राफ्ट जो कि अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र.) के नाम से देय हो संलग्न करना होगा ।
4. आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से कार्यालय अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र.), आवेदित पद का नाम और आरक्षित/अनारक्षित श्रेणी का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज
जबलपुर (म.प्र.)

Scanned by CamScanner

# कार्यालय अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज
# जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक /स्था/अराज/सुपरस्पे./2019 - 9502 जबलपुर, दिनांक -2/12/2019

## //विज्ञप्ति सूचना //

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक एफ–2–1/2019/55–2 भोपाल दिनांक 24.04.2019 द्वारा मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अंतर्गत सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अधीन निम्नलिखित रिक्त पदों की पूर्ति किया जाना हैं । इस हेतु संस्था स्तर पर केवल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में दर्शाई गई शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने वाले पदस्थ कर्मचारियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में दिनांक 15/12/2019 सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं ।

**फार्मासिस्ट ग्रेड–1, लेखापाल , सहायक ग्रेड–1 और सहायक ग्रेड–2**

| क्र. | पदनाम | पदों की संख्या | वेतन बैन्ड + ग्रेड–पे | न्यूनतम आयु सीमा | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | फार्मासिस्ट ग्रेड–1 | 1 | 5200–20200 + 2800 | 18 वर्ष | फार्मासिस्ट ग्रेड–2 के पद पर 05 वर्ष का कार्यानुभव। |
| 2 | लेखापाल | 1 | 5200–20200 + 2800 | 18 वर्ष | 1. स्टोर कीपर/कैशियर के पद पर 05 वर्ष का अनुभव<br>2. लेखा प्रशिक्षण परीक्षा उत्तीर्ण (45 वर्ष की आयु तक) |
| 3 | सहायक ग्रेड–1 | 1 | 5200–20200 + 2800 | 18 वर्ष | सहायक ग्रेड–2 के पद पर 05 वर्ष का कार्यानुभव। |
| 4 | सहायक ग्रेड–2 | 2 | 5200–20200 + 2400 | 18 वर्ष | सहायक वर्ग–3/रिसेप्शनिस्ट कम क्लर्क/स्टेनोटायपिस्ट के पद पर 05 वर्ष का कार्यानुभव। |

1. पदों की संख्या अधिक/कम की जा सकती है ।
2. आयु की गणना विज्ञापन जारी होने वाली तिथि के पश्चात् आने वाली 1 जनवरी के दिनांक को आधार मानकर गणना में ली जावेगी ।
3. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा ।
4. जाति प्रमाण–पत्र आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जावेगा ।
5. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में सेवारत व्यक्ति जो सीधी भर्ती के पद के लिए अहर्ताधारी हो सीधी भर्ती के पद के विरूद्ध आवेदन देने के लिए स्वतंत्र होगा और ऐसे आवेदन के लिए उसे नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र नहीं देना होगा ।

<u>निरर्हताएं</u> :–

- विकृत चित्र वाला होने पर ।
- दुश्चरित्र होने पर ।
- शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो ।

Scanned by CamScanner

- नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा ।
- विवाह संबंधी जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरुष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे ।
- कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं जिनमें से एक का जन्म दिनांक 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हो सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।
- कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर ।
- **कदाचरण संबंधी** – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो ।
- ऐसे उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो ।
- **स्वास्थ्य संबंधी** – चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ पाया जाए तथा वह ऐसा प्रमाण पत्र जारी करें ।

6. उपरोक्त सूची में उल्लेखित पद पर चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रथमतः 01 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर की जायेगी ।
7. संबंधित पद के उम्मीदवार को पद के अनुरूप कर्त्तव्यों का तथा समय–समय पर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना होगा ।
8. उक्त नियुक्तियां म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग के गैर–शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अधीन होगी ।
9. **आवेदन करने की अंतिम तिथि** :– नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र.) हेतु आवेदन पत्र दिनांक 15/12/2019 सायं 05:30 बजे तक अधिष्ठाता कार्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र.) में प्राप्त हो जाना चाहिए । आवेदन–पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं । आवेदक बाहरी लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं आरक्षित/अनारक्षित श्रेणी का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें । किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा ।
10. उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र.) की बेवसाइट www.nscbmc.ac.in पर उपलब्ध है ।
11. चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।
12. वास्तविक रिक्त पदों से तीन गुना अभ्यर्थियों की मेरिट सूची 15 दिनों के भीतर संस्था की बेवसाइट www.nscbmc.ac.in में प्रकाशित की जायेगी । आवेदक संस्था के बेवसाइट लगातार चेक करता रहे जिन्हें मेरिट के संबंध में आपत्ति हो वे अभ्यर्थी मेरिट सूची जारी होने के एक सप्ताह के अंदर संबंधित कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं । तद्परांत एक सप्ताह के भीतर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जायेगी।
13. संभावित मेरिट वाले अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज जांच कराने संबंधी सूचना अलग से बेवसाइट में प्रकाशित की जायेगी एवं जो अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों की जांच कराने हेतु दी गई तिथि में वंचित रह जाते है उन्हें अयोग्य घोषित किया जायेगा ।

**महत्वपूर्ण टीप** :– यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अहर्तायें और शर्तों को पूरा करते है । अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अहर्ता की जांच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्ते पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें । चयन में किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी । आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो कि आवेदन के प्रारूप में दिया गया है । यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज
जबलपुर (म.प्र.)

Scanned by CamScanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

## सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल ने.सु.चं.बो. मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र.)

.................................के पद की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र (अंतिम तिथि / / 2019)

1. आवेदक का नाम ..........................................................................................

2. पुरूष / महिला ..........................................................................................

3. पिता / पति का नाम ..........................................................................................

4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिन कोड सहित) ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

शहर का नाम .......................................................... फोन नंबर ..........................................................

मोबाइल नंबर .......................................................... ईमेल– ..........................................................

5. आधार कार्ड नंबर (यदि हो तो)..........................................................................................

6. जन्म तिथि (हाई स्कूल परीक्षा की अंक सूची संलग्न करें )..........................................................................................

7. दिनांक 01 / 01 / 2019 को आवेदक की आयु .................. / दिन..................... माह.....................वर्ष...............

8. आवेदक की वैवाहिक स्थिति .................................. विवाहित / अविवाहित

9. विवाह का दिनांक ..........................................................................

10. वर्ग – अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें ।

11. पैरामेडिकल कॉउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनांक (छायाप्रति संलग्न करें)..................................

..........................................................................................

Hari

Scanned by CamScanner

12. संलग्न डिमांड ड्राफ्ट के बैंक का नाम एवं डिमांड ड्राफ्ट नंबर ..............................................................................

13. शैक्षणिक योग्यताएं –(सभी बोर्ड – (10वीं एवं 12वीं), यूनिवर्सिटी के प्रमाण पत्र एवं अंक सूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

14. पात्रता के बाद अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएं ..............................................................................

15. पात्रता के बाद अनुभव ..............................................................................

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (कृपया लगाये गये प्रमाणपत्र के आगे हां/नहीं लिखें) –

1. हाईस्कूल की मार्कशीट ।
2. बारहवीं की मार्कशीट ।
3. मूल निवासी प्रमाण पत्र ।
4. पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र ।
5. अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र ।
6. म.प्र. पैरामेडिकल कांउन्सिल का पंजीयन । (फार्मासिस्ट पद हेतु)
7. सहायक ग्रेड–1 एवं 2 के लिये हिन्दी टंकण/सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र ।
8. दिनांक 26.01.2001 के बाद दो से अधिक संतान न होने का शपथ पत्र ।
9. अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवार हेतु निर्धारित डी.डी. रू. 500/– मूलरूप से ।
10. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार हेतु जाति प्रमाण पत्र ।
11. लेखा परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र (लेखापाल पद हेतु) ।
12. अधिष्ठाता द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र ।
13. परिचय पत्र जैसे – मतदाता परिचय पत्र/आधार कार्ड/पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस इत्यादि ।

स्थान –
दिनांक –

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

## //घोषणा पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है । जानकारी असत्य होने कि दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा ।
2. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है ।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

Scanned by CamScanner